# शूटरों के खिलाफ गवाही देने पर सम्पत नेहरा व लॉरेंस बिश्नोई गैंग ने दी जान से मारने की धमकी

## एक ट्रांसपोर्ट व्यवसायी ने इस संबंध में मामला राजगढ़ थाने में दर्ज करवा सुरक्षा की मांग की है

- **शूटरों को राजगढ़ क्षेत्र में ठहराये रखने तथा उनके ठहरने की गाड़ियों व हथियारों की व्यवस्था करने के कारण संपत नेहरा एवं लॉरेंस बिश्नोई की गैंग से अपनी जान को बताया खतरा**
- **कुछ समय पहले इसी गैंग के गिरफ्तार हुए सदस्य मिंटू मोडासिया ने पुलिस पूछताछ में बताया था कि राजस्थान में अगला टारगेट जोगेन्द्र जड़िया है**

**सादुलपुर,** (निसं)। एक ट्रांसपोर्ट व्यवसायी सम्पत नेहरा तथा लारेंस बिश्नोई गैंग से खतरा होने एवं हत्या मामले में गवाही देने पर जान से मारने की धमकी मिलने के आरोप का मामला राजगढ़ थाने में दर्ज करवाया गया है।

साथ ही दर्ज प्रकरण में शूटरों को राजगढ क्षेत्र में ठहराये रखने तथा उनके ठहरने की गाडियों व हथियारों की व्यवस्था करने के कारण संपत नेहरा एवं लॉरेंस बिश्नोई की गैंग से अपनी जान को खतरा बताते हुए सुरक्षा की माँग की गई है। प्रकरण अनुसार थानाधिकारी कृष्ण कुमार बलौदा ने बताया कि जोगेंद्र सिंह जडिया निवासी राघा बडी हाल पिलानी मोड सादुलपुर वार्ड नंबर 14 ने इस आरोप का मामला दर्ज करवाया है कि 19 सितंबर को वह कलेक्टर कार्यालय चूरू गया हुआ था। उसी समय परिवार की ही मिनिया निवासी राधा बडी का फोन आया तथा बताया कि आपसे मिंटू नेहरा निवासी राघा बडी मिलना चाहता है तब उसने पुछा कि मिनिया किस विषय में मिलना चाहता है, तो उसने बताया कि मिंटू नेहरा के साथ वीडियो कॉल से संपत नेहरा वह लॉरेंस बिश्नोई की बात हुई है, उस विषय में मिलना चाहता है।

इस पर उसने कहा कि वह चूरु गया हुआ है तथा शाम को मिल सकता हूं। तब 19 सितंबर की शाम को 7 बजे उनके घर पर मिनिया तथा मिंटू नेहरा बलवान आए तथा हमारे ऑफिस में बताया कि मिनिया व बलवान मिंटू नेहरा के घर पर राघा बडी गाँव बैठे थे तब पंजाब से मिंटू नेहरा के मोबाइल पर वीडियो कॉल आया तब संपत नेहरा वह लॉरेंस बिश्नोई ने बात की और कहा कि जोगेंद्र जडिया को बोल देना कि उसके भतीजे सुरेंद्र उर्फ ढिल्लू हत्या मामले में शूटर दिनेश डागर, मनजीत उर्फ नवीन, पवन तोतला, तथा खुद न संपत नेहरा के खिलाफ कोई गवाही नहीं देगा तथा किसी से गवाही नहीं दिलवाएगा तथा हमारे खिलाफ इस प्रकरण में किसी प्रकार की पैरवी में कार्रवाई नहीं करेगा, यदि वह करेगा तो हमारे शूटर राजगढ क्षेत्र में ठहरा रखे हैं तथा उनके ठहरने की गाडियों व हथियारों की व्यवस्था कर रखी है तथा लगातार रेकी कर रहे हैं।

तब मिंटू नेहरा को कहा कि जोगेंद्र जडिया के पास जाकर हां या ना में जवाब ले ले और संपत व लॉरेंस की वीडियो कॉल पर जाकर बात करवा दें, जिस पर मिंटू ने संपत को यह कहा है कि जोगेंद्र जडिया हम सब पर मुकदमा दर्ज करवा देगा, तो संपत ने कहा कि अपने पर 10-15० मुकदमे दर्ज हैं, वह अपना कुछ नहीं बिगाड सकता तथा लॉरेंस भाई ने भाई को 50 लाख देकर कनाडा भिजवाया है, वह पैसे भी जोगेन्द्र जडिया ही देगा। यदि वह इन बातों की मंजूरी नहीं देता है तो हम उनकी दो-चार दिन में रेकी कर मरवा देंगे, यह बात मिंटू नेहरा ने उसके ऑफिस में बैठकर उनके सामने बताई है। आरोप है कि मिंटू नेहरा ने उससे वीडियो कॉल पर संपत नेहरा व लारेंस बिशनोई से बात करवाने के लिए कहा तो उसने मिंटू को मना कर दिया तथा कहा कि मेरे को किसी बदमाश से बात नहीं करनी है। दर्ज मामले में बताया गया है कि संपत नेहरा व लॉरेंस बिश्नोई की गैंग से खतरा है तथा कुछ समय पहले इसी गैंग का सदस्य मिंटू मोडासिया गिरफ्तार हुआ था, तब उसने पुलिस पूछताछ में बताया था कि राजस्थान में अगला टारगेट जोगेन्द्र जडिया है तथा कपिल पंडित व सचिन भिवानी संपत नेहरा गैंग के सदस्यों को सौंप दिया है, उसके बाद से उसे जान से मारने की धमकी मिंटू नेहरा के मार्फत दी जा रही है। पुलिस ने मामला दर्ज कर अनुसंधान प्रारंभ कर दिया है।

## शिविर में 515 रोगी लाभान्वित

**सुजानगढ़,** (निसं)। श्री दिगम्बर जैन समाज सुजानगढ निवासी गुवाहाटी प्रवासी स्वर्गीय जयचंदलाल सेठी की पुण्य स्मृति में उनकी धर्मपत्नी इलायची देवी एवं सुपुत्र एवं पुत्रवधू संदीप कुमार व शिल्पी सेठी के सौजन्य से सुजलांचल विकास मंच समिति के तत्वाधान में नि:शुल्क नेत्र जांच व ऑपरेशन शिविर का आयोजन हुआ। भाजपा जिला अध्यक्ष धर्मवीर पुजारी के मुख्य आतिथ्य एवं समाजसेवी प्रकाशचंद्र पाटनी की अध्यक्षता में आयोजित शिविर में जिलाध्यक्ष पुजारी ने कहा कि आंख है तो जहान है इस नेक व पुनीत कार्य के लिए सेठी परिवार व समिति का आभार व्यक्त किया। शिविर प्रभारी महक पाटनी ने जानकारी देते हुए बताया कि नेत्र रोग विशेषज्ञ अपूर्व कोटिया व उनकी टीम ने शिविर में अपनी सेवाऐं दी। शिविर में सुजानगढ, लाडनूं, जसवंतगढ, निम्बी, छापर, बीदासर, सालासर, फतेहपुर, लक्ष्मणगढ, तंवरा, गनेडी, डूंगरगढ, डीडवाना, सांडवा, जायल, सरदारशहर, नागौर, पाली सहित आस पास के क्षेत्रों के 515 रोगी लाभान्वित हुए व 100 जरूरतमंद रोगियों को नि:शुल्क दवाई वितरित की गई तथा 40 जरूरतमंद रोगियों का ऑपरेशन के लिए चयन किया गया।

### सार-समाचार

## 10 वार्डों के सदस्य निर्विरोध निर्वाचित

**चिड़ावा,** (निसं)। चिड़ावा सहकारी समिति के दो वार्डों के लिए वोट डाले जा रहे है। मिली जानकारी के अनुसार समिति के 12 वार्डों में से 10 वार्डों के सदस्य निर्विरोध निर्वाचित हो चुके हैं। जबकि वार्ड पांच और 12 में निर्वाचन के लिए वोट डाले जा रहे है। इनमें वार्ड पांच में रामचंद्र सैनी और सुनील आमने सामने है। वहीं वार्ड 12 में प्रदीप कुमार और विजय कुमार आमने सामने है। इनमें वार्ड पांच में केवल 17 ही वोटर है और वार्ड 12 में 654 वोटर है। इनमें से वार्ड पांच में 16 और वार्ड 12 में 361 वोट पोल हुए है। चुनाव को लेकर सदस्यों में भी उत्साह देखने को मिला। समिति सदस्यों को पर्ची देकर आगे वोट डालने के लिए भेजा जा रहा था। झुंझुनूं रोड पर चौहान गेस्ट हाउस के पिछले भाग में इसके लिए मतदान केंद्र बनाया गया था। यहां पुलिसकर्मी पहचान पत्र देखकर अंदर लाइन में लगा रहे थे। वहीं अंदर अधिकारी भी पूरी जांच के बाद ही वोट डालने की इजाजत देते नजर आए। इधर चुनाव में खड़े प्रत्याशी मान मनोव्वल करते नजर आए। इस चुनाव का परिणाम शनिवार को आएगा।

## छापर में रामलीला की तैयारी जोरों पर

**सुजानगढ़,** (निसं)। निकटवर्ती छापर कस्बे की संस्था युवा संस्कार मंच द्वारा नवरात्रा में रामलीला मंचन का आयोजन किया जाएगा,जिसकी तैयारियां जोरों पर चल रही है। संस्था के संरक्षक प्रदीप सुराणा ने बताया कि आगामी 26 सितम्बर से 10 दिवसीय रामलीला व एक दिन के नाटक का मंचन स्थानीय कलाकारों द्वारा किया जाएगा। सुराणा ने बताया कि रघुनाथजी के मंदिर के सामने की गली में जनहितकारी स्कूल के सामने नेमीचंद जी लखोटिया के नोहरे में रामलीला का आयोजन होगा। रामलीला का निर्देशन दिनेश कुमार दर्जी द्वारा किया जाएगा। मुख्य पात्रों का किरदार निर्मल स्वामी, मनीष रक्षक, हेमंत तंवर, धनराज खटीक, शंकर सारस्वत, कन्हैया लाल नाई, चमन दूधोरिया आदि द्वारा निभाया जाएगा। रामलीला की तैयारियों में पार्थ सोनी, दीपक चांगल, अरुण पंडित, बाबुलाल जाजू, कन्हैया लाल स्वामी आदि जुटे हुए हैं।

## हाथी की सवारी पर आएगी मां जगदंबा

**रतनगढ़,** (निसं)। मां जगदंबा की उपासना का पर्व वर्ष में चार बार आता है। इसमें दो गुप्त नवरात्रि और दो चेत्र व शारदीय नवरात्रि होती है। शारदीय नवरात्रि आश्विन माह के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि से शुरू होती है। नवरात्रि की शुरुआत 26 सितंबर सोमवार सर्वार्थ सिद्धि योग से शुरू होगी। नवरात्रि घट स्थापना पूजन इस दिन अमृत मुहूर्त में प्रात: 6:21 से 7:52 बजे तक रहेगा, इसके पश्चात शुभ मुहूर्त प्रात: 9:21 से 10:51 बजे तक,सर्वश्रेष्ठ अभिजीत मुहूर्त 11:58 से 12:46 तक है। रतनगढ़ के आचार्य पंडित देवकीनंदन माठोलिया ने बताया कि अबकी बार मां जगदंबा का आगमन व प्रस्थान हाथी की सवारी पर ही होगा। ऐसा दुर्लभ संयोग कई वर्षों बाद आ रहा है। 3 अक्टूबर सोमवार को दुर्गाष्टमी, 4 अक्टूबर मंगलवार को दुर्गा नवमी धोक लगेगी, 5 अक्टूबर को मां जगदंबा की प्रतिमा विसर्जन व विजयदशमी दशहरा है। अमृत सिद्धि योग सर्वार्थ सिद्धि योग में नवरात्रि स्थापना धन वृद्धि और कार्य सिद्धि दायक होती है तथा सर्वश्रेष्ठ फल की प्राप्ति होती है।


### नाम परिवर्तन

मेरी पुत्री किरण कंवर का विद्यालय में प्रवेश के समय बोलता नाम कोमल व जन्म तिथि 1 जनवरी 2002 लिखवा दी थी, जबकि सही नाम किरण कंवर व जन्म तिथि 15 अक्टूबर 2005 है। दोनों नामों को एवं जन्म तिथि को लेकर कोई विवाद होता है, तो उसकी मेरी जिम्मेदारी होगी।

**भंवरसिंह बीदावत पुत्र रेवंतसिंह**
**नाहरसरा, तहसील सरदारशहर**
**(जिला चूरू)**

### नाम परिवर्तन

मैंने अपना नाम **आदिल** से बदल कर **आदिल सोलंकी** कर लिया है, भविष्य के सभी उद्देश्यों के लिए मुझे **आदिल सोलंकी पुत्र श्री कादर खान** के नाम से जाना जावे। **पता - वार्ड नं. 21, कुबा मस्जिद के पास राजगढ़, चूरू**


## पोषण मेले का आयोजन

**बिसाऊ,** (निसं)। को पंचायत समिति अलसीसर परिसर में महिला एवं बाल विकास विभाग की तरफ से ब्लॉक स्तरीय पोषण मेले का आयोजन कार्यालय बाल विकास परियोजना अलसीसर में किया गया जिसमें विशिष्ट अतिथि उप निदेशक महिला एवं बाल विकास विभाग झुंझुनू बिजेंद्र सिंह राठोड़ ने पोषण माह की विस्तृत जानकारी दी व हरी झंडी दिखाकर पोषण रैली निकाली गई। मुख्य अतिथि उपखंड अधिकारी मलसीसर साधु राम जाट ने फीता काटकर मेले का शुभारंभ किया। मेले के दौरान विभाग द्वारा विभिन्न स्टॉल पूर्व प्राथमिक शिक्षा, मिशन शी, उड़ान योजना व पोषाहार व्यंजन प्रदर्शनी लगाई गई। आंगनवाड़ी केंद्र के बच्चों ने सांस्कृतिक प्रोग्राम की प्रस्तुति दी। महिलाओं की एनीमिया जांच करवाई गई। विशेष अतिथि के रूप में विकास अधिकारी अलसीसर महेश चंद्र, सीबीओ राजेंद्र खींचड़, बीसीमो डॉ. राहुल सुमन, प्रोग्रामर संदीप सिहाग, अतिरिक्त प्रशाशनिक अधिकारी आईसीडीएस सुरेश दहिया उपस्थित रहे। सीडीपीओ अमित गेट ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया। उत्कृष्ट कार्य करने वाले कार्मिकों को सम्मानित किया। इस मौके पर सभी कार्मिक, कार्यकर्ता, सहायिका व ग्रामीण महिलाएं शामिल रही

## धमकी देकर बार-बार दुष्कर्म करने का आरोप

**सादुलपुर,** (निसं)। हमीरवास थाने के एक गाँव निवासी विवाहिता ने अपने पति के धर्म भाई के खिलाफ नशे की गोली देकर अश्लील वीडियो बनाकर बार-बार दुष्कर्म करने के आरोप का मामला हमीरवास थाने में दर्ज करवाया है तथा साथ ही विवाहिता का उक्त अश्लील वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल करने के आरोप लगाया है।

थानाधिकारी राधेश्याम ने बताया कि पीडिता ने बताया कि उसका पति हिसार में प्राईवेट काम धंधा करता है तथा आरोपी विकास मेघवाल निवासी गुडान उसके पति का धर्म भाई होने के कारण उसका उनके घर आना-जाना था। पीडिता का आरोप है कि करीब दो साल पहले सर्दियों के समय उसके चोट लगने पर आरोपी विकास उसके घर पर आया हुआ था तथा उसने पीडिता से यह कहकर एक गोली दी। गोली लेने के बाद उसे नींद आ गई। जिसके बाद उसके उसके देवर राजपाल ने उसके पास फोन करने लगा तथा उसे कहता कि उसने और विकास ने आपकी अश्लील विडियों बना रखी है, आप मेरे साथ भी अवैध संबंध बना लो नहीं तो मैं उक्त विडियों सोशल मीडिया पर वायरल कर दूंगा। जब उसने विकास से इस बारे में पुछताछ की तो उसने कहा कि उस दिन रात को उसने उसे नींद की गोली दी थी और आपके साथ अवैध संबध बनाये थे तथा राजपाल ने विडियों बनाई थी।

उसके बाद विकास उसे उक्त विडियों सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी देकर मेरे साथ बार-बार दुष्कर्म करता रहा। करीब तीन महिने पहले आरोपी विकास ने उक्त विडीयों उनके नंबर पर भेजी तो उसके पति ने विकास व उसके परिवारजनों से इस बारे में बातचीत की जिस पर उन्होंने कहा कि आप कोई कानूनी कार्यवाही मत करना। आरोप है कि अब विकास व राजपाल नें उसकी उक्त अश्लील विडियों सोशल मीडिया पर वायरल कर दी है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान प्रारंभ कर दिया है।


### कार्यालय नगरपालिका विद्या विहार (पिलानी)

क्रमांकः-न.पा.वि.वि./2250 दिनांक 23.09.2022

**आपत्ति विज्ञप्ति**

निम्न आवेदनकर्ताओं ने नगरपालिका विद्या विहार क्षेत्र के समस्त वार्डों/कॉलोनी/मौहल्लों में अपनी सम्पति पट्टे/अन्य कार्य के लिए आवेदन किया है। संबंधित आवेदन की विस्तृत जानकारी नगरपालिका विद्या विहार की वैबसाईट एवं स्वायत शासन विभाग की वैबसाईट http://Isg.urban.rajasthan.gov.in तथा https://sahar2021.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है। अपना दावा/आपत्ति नगरपालिका विद्या विहार कार्यालय में 07 दिवस में प्रस्तु करें।

**अधिशाषी अधिकारी**
**नगरपालिका विद्या विहार, पिलानी**

### पर्यावरण स्वीकृति सूचना

एतद द्वारा सूचित किया जाता हैं कि हमारी चेजा पत्थर (माइनर मिनरल) खनन योजना ( M.L.No. 4/2021 क्षेत्रफल 1.9421 हैक्टेयर) जो निकट ग्राम डोकन तहसील पाटन जिला सीकर, राजस्थान में स्थित है को राज्य पर्यावरण प्रभाव आकलन प्राधिकरण, जयपुर के पत्र क्रमांक F-1 (4) SEIAA/ SEAC-RAJ/ SECTT/ PPROJECT/ CAT. B2 (21184)/ 2021-22 द्वारा दिनांक 20 सितम्बर 2022 को पर्यावरण स्वीकृति प्रदान की गई है। इसकी प्रतिलिपि आरएसपीसीबी अनुपालन व रिकॉर्ड के लिए राजस्थान प्रदूषण नियंत्रण मण्डल कार्यालय व SEIAA Rajasthan की वेबसाइट पर भी उपलब्ध है।

**मुकेश कुमार मीणा**
**पुत्र श्री कैलाश चन्द मीणा,नि. ढाणी मोठू मीणा, डोकन जिला सीकर**

### कार्यालय ग्राम पंचायत टिडियासर, पंचायत समिति रतनगढ़

क्रमांक ः-SPL-1-3 दिनांक 22.09.2022

**खुली प्रतियोगी बोला**

नीचे अंकित की अवधि के लिए ग्राम पंचायत क्षेत्र टिडियासर में सफाई कार्य हेतु श्रम विभाग में रजिस्टर्ड अनुभवी ठेकेदार फर्मों एवं एन.जी.ओ. से खुली निविदाएं आमंत्रित की जाती हैः-

| क्र. सं | सफाई कार्य का विवरण | अनुमानित ठेका राशि | अमानत राशि रूपये | निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि | निविदा खोलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 5 |
| 1 | ग्राम पंचायत टिडियासर के सभी वार्डों में प्रतिदिन सफाई करना,घर-घर से कचरा संग्रहण करना, नाली निकालना, ठोस कचरा प्रबंधन, बर्षाती रेत हटाना, आवारा मृत पशुओं आदि उठाकर गांव से बाहर यथा स्थान डालने का कार्य तथा सार्वजनिक शौचालयों की सफाई, राजीव गांधी सेवा केन्द्र परिसर की सफाई कार्य एवं घरों से ठोस कचरा सूखा कचरा ट्रेक्टर ट्रोली में डालकर गांव के बाहर यथा स्थान पर निपटारा करना आदि कार्य | 400000 (अवधि अक्टूबर 2022 से सितंबर 2023 तक) | अनुमानित राशि का 2 प्रतिशत | 04.10. 2022 दोपहर 12.00 बजे | 04.10. 2022 को 3.00 पीएम बजे |

नोटः- निविदा प्रपत्र दिनांक 24.09.2022 से दिनांक 30.09.2022 को सांय 4 बजे तक निविदा शुल्क रू 500/- जमा करवाकर ग्राम पंचायत टिडियासर से प्राप्त कर सकते है।
सफाई ठेका की विस्तृत शर्तें एवं कार्य विवरण, निविदा प्रपत्र, ग्राम पंचायत टिडियासर के कार्यालय समय में आकर देख सकते है।
NIB- ZCR202223A0518
UBN-ZCR2223SSOB00863

**(परमेश्वरी)** **ग्राम विकास अधिकारी** **ग्राम पंचायत टिडियासर** **पंचायत समिति, रतनगढ़ (चूरू)**

**(शरबती देवी)** **सरपंच** **ग्राम पंचायत टिडियासर** **पंचायत समिति, रतनगढ़ (चूरू)**

### कार्यालय ग्राम पंचायत कांगड़ पंचायत समिति, रतनगढ़

क्रमांकः-प( )निविदा/21-22/69 दिनांकः-23.09.2022

**खुली निविदा सूचना**

राजस्थान पंचायत राज नियम 1996 के नियम 181(1) के अन्तर्गत निम्न कार्यों को करवाये जाने के लिए पंचायती राज विभाग, सार्वजनिक निर्माण विभाग, जल संसाधन विभाग, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, नगर निगम एवं राज्य सरकार के अधिकृत संगठनों में पंजिकृत सक्षम श्रेणी के संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में खुली निविदा आमंत्रित की जाती हैः-

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत लाखों में | निविदा प्रपत्र शुल्क रूपयों में | निविदा प्रपत्र प्राप्ति की तिथि समय | तकनिकी एवं वित्तिय निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि व समय | निविदा खोलने कीं तिथि व समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | गंदे पानी की निकासी हेतु ड्रेनेज लाईन मय चेंबर कार्य भगवानाराम माली के घर से गेनाणी जोहड़ चैनपुरा फेज प्रथम | 5.00 | 500 | 27.09.2022 को प्रातः 11 से 04.40.22 को सांय 4 बजे तक कार्यालय दिवस में | 06.10.2022 को सुबह 11 तक | 06.10.2022 को दोपहर 3 बजे |
| 2 | गंदे पानी की निकासी हेतु ड्रेनेज लाईन मय चेंबर कार्य भगवानाराम माली के घर से गेनाणी जोहड़ चैनपुरा फेज द्वितीय | 5.00 | 500 | | | |
| 3 | गंदे पानी की निकासी हेतु ड्रेनेज लाईन मय चेंबर कार्य भगवानाराम माली के घर से गेनाणी जोहड़ चैनपुरा फेज तृतीय | 5.00 | 500 | | | |
| 4 | गंदे पानी की निकासी हेतु ड्रेनेज लाईन मय चेंबर कार्य भगवानाराम माली के घर से गेनाणी जोहड़ चैनपुरा फेज चतुर्थ | 5.00 | 500 | दिवस में | | |

निविदा की शर्तें ः-
1. निविदा प्रपत्र प्रत्येक कार्य के लिए अलग-अलग निविदा प्रपत्र की निर्धारित राशि नकद जमा करवाकर ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त किया जा सकेगा।
2. निविदा प्रत्र की तकनिकी व वित्तिय निविदा अलग-अलग लिफाफों में डालकर फिर दोनों एक लिफाफे में डालकर प्रस्तुत की जानी है।
3. निविदा की अमानत राशि कार्य अनुसार 2 प्रतिशत का डीडी सरपंच ग्राम पंचायत कागंड़ के नाम देय संलग्न करना आवश्यक है। अन्य सभी शर्तें कार्यालय समय में देखी जा सकती है व निर्धारित प्रपत्र के साथ संलग्न है।

NIB -ZCR2223A0519, UBN-ZCR2223WSOB00864

**ग्राम विकास अधिकारी** **ग्राम पंचायत कांगड़** **पंचायत समिति, रतनगढ़**

**सरपंच** **ग्राम पंचायत कांगड़** **पंचायत समिति, रतनगढ़**


## बीमारियों के बारे में जागरूक किया

**रतनगढ़,** (निसं)। राजस्थान नगरीय आधारभूत विकास परियोजना द्वारा रतनगढ़ शहर में आमजन की सुविधा हेतु सीवरेज प्रणाली के विकास के लिये विभिन्न आधारभूत विकास कार्य के साथ ही इन कार्यो के प्रति आमजन की सहभागिता सुनिश्चित करने तथा समय-समय पर विभिन्न विषयों पर जनजागरूकता कार्यक्रम भी करवाये जाते है।

इसी क्रम में सामुदायिक जागरूकता एवं जन सहभागिता यूनिट के प्रवीण सिंह राठौड व एल एण्ड टी कम्पनी स्वास्थ्य कार्यकर्त्ता हिमांशु मांडण ने राजकीय माध्यमिक विधालय वार्ड न 14 स्टेट स्कूल में जागरुकता कार्यक्रम के तहत हैण्ड वासिंग तथा निजि एवं सामुहिक स्वच्छता विषय पर बिहेवियर चेंज एक्टिविटी का आयोजन किया गया। इसमे हैण्ड वासिंग की महत्वता व सही तरीका साफ सफाई में विधार्थियों की भुमिका सीवरेज प्रणाली के बेहतर उपयोग एवम रखरखाव तथा सीवरेज प्रणाली के लाभ बताये गये तथा मौसमी बीमारियों के बारे डेंगू, मलेरिया, के बचाव के उपाय बताये ! इस कार्यक्रम मे सुनिता मण्डार, प्रकाश चन्द शर्मा, विशाल गुप्ता, ओमप्रकाश शर्मा ने भाग लिया !प्रधानाध्यापक बनवारी लाल ने कार्यक्रम का संचालन करते हुये धन्यवाद दिया !

## इनामी अपराधी को भेजा जेल

- **चार लोगों की हत्या प्रकरण में शामिल था पांच हजार का इनामी बदमाश**

**सादुलपुर,** (निसं)। हमीरवास थाना पुलिस ने थाने के हिस्ट्रीशिटर प्रदीप स्वामी जैतपुरा सहित चार व्यक्तियों की हत्या के प्रकरण में शामिल पाँच हजार रूपये की ईनामी अपराधी को हमीरवास थाना पुलिस ने उपखण्ड मजिस्ट्रेट राजगढ से प्रोडेक्शन वारंट जारी करवाकर जिला कारागृह भिवानी हरियाणा से आरोपी सोमवीर उर्फ सोमला पुत्र दुलीचन्द जाति जाट उम्र 27 साल निवासी गुगलवा पुलिस थाना हमीरवास जिला चूरू को गिरफ्तार किया गया है।

थानाधिकारी राधेश्याम ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त सोमवीर उर्फ सोमला से प्रकरण में पुछताछ एवं अनुसंधान के बाद न्यायालय में पेश किया, जहाँ से अदालत ने उसे जेल भेज दिया है।


### कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी एवं आयुक्त नगरपरिषद, हनुमानगढ़

क्रमांक: 3062 दिनाक: 23.09.2022

**लोक सूचना**

श्री कुलदीप सहारण पुत्र श्री मुंशीराम जाति जाट निवासी हनुमानगढ़ जंक्शन तहसील व जिला हनुमानगढ़ ने इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का गैर कृषिक प्रयोजन (आवासीय) के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है: अर्थात:- **जिला-तहसील का नाम** - तहसील हनुमानगढ़ जिला हनुमानगढ़ , **ग्राम का नाम**-चक नं. 2 केएनजे, **पत्थर नं.**:- पत्थर नं. 112/261 मु.नं. 41, किला नं. 6/3/0.178, 7/1/0.181, 14/0.253, 15/0.2164, 16/0.2069, 17/0.253, 25/0.1066 एवं पत्थर नं. 113/261 मु. नं. 42, किला नं. 11/4/0.0079, **क्षेत्र:** कुल 1.4028 हैक्टेयर भूमि। इसलिए इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अद्योहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक 23.09.2022 को जारी की गयी।

**प्राधिकृत अधिकारी**

